# बोस्टन पब्लिक स्कूल

## **कार्य पत्रिका** - (2024-25)

विषय- हिंदी

कक्षा - **10**

---

**1.** 'बड़े भाई साहब' पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर- तरीकों पर व्यंग्य किया है ?

**2.** छोटे भाई ने पढ़ाई का टाइम टेबल बनाते समय क्या-क्या सोचा था, फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?

**3.**छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई ?

**4.**बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे और क्यों महत्वपूर्ण कहा है?

**5.**छोटे भाई ने बड़े भाई के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया ?

**6. 26** जनवरी **1931** में कोलकाता में हुए घटनाक्रम की उन बातों का वर्णन कीजिए जिनके कारण लेखक ने डायरी में लिखा "आज जो बात थी वह निराली थी।"

**7.** "भारत को मिली स्वतंत्रता में सभी वर्गों की भूमिका थी"- सिद्ध कीजिए।

**8.** सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज में क्या भूमिका निभाई और कैसे?

**9.** पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर है ?

**10.** तताँरा वामीरो की व्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

**11.** रूढ़ियाँ जब बंधन बनने लगें तो उनका टूट जाना क्यों अच्छा है ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि रूढ़ियाँ तोड़ने के लिए तताँरा वामीरो को क्या-क्या करना पड़ा?

**12.** प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?

**13.** क्रोध में तताँरा ने क्या किया और उसका क्या परिणाम हुआ?

**14.** थका-हारा तताँरा शाम को कहाँ गया तथा वहाँ का प्राकृतिक वातावरण कैसा था?

**15.** निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ?

**16.** प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ?

**17.** अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों जानते हैं?

**18.** 'डेरा डालने' से आपका आप क्या समझते हैं?

**19.** लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक किन बदलावों को महसूस किया? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**20.** बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

**21.** लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली क्यों लगवानी पड़ी?

**22.** समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला?

**23.** राज कपूर द्वारा फिल्म की असफलता के खतरों से आगाह करने पर भी शैलेंद्र ने यह फिल्म क्यों बनाई?

**24.** लेखक के इस कथन से कि—'तीसरी कसम फिल्म कोई सच्चा कवि हृदय ही बना सकता था' आप कहाँ तक सहमत हैं।

**25.** 'गाँधी जी के नेतृत्व में अद्भुत क्षमता थी' उदाहरण सहित इस बात की पुष्टि कीजिए।

**26.** आपके विचार से कौन-से ऐसे मूल्य हैं जो शाश्वत हैं ?

**27.** लेखक के मित्र ने मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए ? आप इन कारणों से कहाँ तक सहमत हैं?

**28.** शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना तांबे से क्यों की गई?

**29.** जापान में चाय पीना एक 'सेरेमनी' क्यों है? इसे स्पष्ट करते हुए बताइए वर्तमान संदर्भ में इसकी क्या उपयोगिता है।

**30.** सआदत अली कौन था? उसने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

**31.** क्या लेखक निदा फ़ाज़ली को प्रकृति की सुरक्षा की सीख अपनी माँ से मिली थी? स्पष्ट कीजिए ।

**32.** 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में निहित उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए?

**33.** लेफ्टिनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है?

**34.** 'कारतूस' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए कोई नया शीर्षक सुझाइए तथा उसे शिक्षक का आधार स्पष्ट कीजिए?

**35.** 'वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था'। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**36.** सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?

**37.** अपने अंदर का दीपक दिखाई देने पर कौन-सा अँधियारा मिट जाता है और कैसे? कबीर की साखी के संदर्भ में स्पष्ट करें।

**38.** कबीर के दोहे के आधार पर 'कस्तूरी' की उपमा को स्पष्ट कीजिए। मनुष्य को ईश्वर प्राप्ति के लिए क्या करना चाहिए स्पष्ट करें ।

**39.** संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक है? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

**40.** कबीर ने निंदक को पास रखने की सलाह क्यों दी है**?** क्या यह सलाह आपको उचित प्रतीत होती है कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

**41.** "ऐकै अषिर पीव का**,** पढ़ै सु पंडित होई"**- -**इस पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है**?**

**42.** मीरा के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वह भक्त की विपत्ति दूर करने के लिए किन प्रसंगों की याद कृष्ण को दिलाती है और उन्हें पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तत्पर है**?**

**43.** मीरा की भाषा शैली किस प्रकार की है**?**

**44.** मीरा की रचनाओं में भक्ति भावना निहित है**,** स्पष्ट कीजिए।

**45.** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**46.** 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

**47.** शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए**?**

**48** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर कवि ने वृक्षों को पर्वतों की उच्चाकांक्षाएँ क्यों कहा है **?**

**49** 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है**?** कवि ने इस शब्द का प्रयोग कहाँ और क्यों किया है**?**

**50.** कवि ने तालाब की सामानता किसके साथ दिखाई है और क्यों **?**

**51.** 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक साथ होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है**?** इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है स्पष्ट कीजिए।

**52.** 'मनुष्यता' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है**?** स्पष्ट कीजिए।

**53.** कभी मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार मनुष्य कब अहंकारी हो जाता है और क्यों**?**

**54.** 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य लगभग **100** शब्दों में लिखिए ।

**55.** मनुष्यता कविता के आधार पर किन्हीं तीन मानवीयगुणों के बारे में लिखिए।

**56.** बुद्ध का विरुद्धवाद क्या था**?** वह कैसे शांत हुआ**?**

**57.** कविता की पृष्ठभूमि में 'तोप' की अतीत में भूमिका और उसकी वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए। कवि को क्यों कहना पड़ा-------

" कितनी ही बड़ी हो तोप

एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।"

**58.** 'तोप' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

**59.** 'कर चले हम फिदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ।

**60.** क्या इस गीत की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है**?**

**61.** कविता में किस काफिले को आगे बढ़ाने की बात कही है**?**

**62.** इस गीत में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है **?**

**63.** 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि बलिदानी वीर भारतीय युवकों से क्या अपेक्षा करते हैं और क्यों**?**

**64.** कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है **?**

**65.** 'आत्मत्राण' शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

**66.** 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**67.** कवि को ईश्वर के अतिरिक्त और किस पर भरोसा है**?** स्पष्ट कीजिए।

**68.** क्या कवि की यह प्रार्थना आपको अन्य प्रार्थना गीतों से अलग लगती है**?** यदि 'हाँ' तो कैसे**?**

**69.** 'तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय'**----** काव्य पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है**?**

**70.** 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए कि एक महंत से समाज की क्या अपेक्षा होती है**?** उक्त कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए। (उत्तर लगभग **150** शब्दों में लिखिए) **71.** 'हरिहर काका' के प्रति लेखक की आसक्ति के क्या कारण थे**?**

**72.** समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है**?** इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

**73.** 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती'**---** पाठ के किस अंश से सिद्ध होता है**?**

**74.** 'सपनों के से दिन' पाठ के लेखक को नई कक्षा में पुरानी किताबों की गंध उदास कर देती थी**,** क्यों**?**

**75.** विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ में अपनाई गई युक्तियों और वर्तमान में स्वीकृत मान्यताओं के संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

**76.** हेडमास्टर शर्मा जी ने पी.टी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया **?** क्या उनका ऐसा करना उचित था**?**

**77.** टोपी और इफ्फन की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे**,** पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बंधे थे । इस कथन के आलोक में अपने विचार प्रकट कीजिए।

**78.** "इफ्फन और टोपी" मित्रता की अनोखी मिसाइल हैं**---** अपने शब्दों में इस कथन की सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

**79.** 'टोपी शुक्ला' कहानी सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देती है। जीवन मूल्यों के संदर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिए ।

**80.** बस में टूट गए सामान को आपके घर तक सुरक्षित रूप से पहुँचने वाले बस कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत करने के लिए परिवहन अध्यक्ष को एक पत्र लगभग **100** शब्दों में लिखिए।

**81.** अपने बैंक प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए।

**82.** आप सुधांकर शुक्ला/सुधा शुक्ला हैं। हिंदुस्तान टाइम्स, दिल्ली के संपादक के नाम पत्र लिखकर सामाजिक जीवन में बढ़ रही हिंसा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**83.** आपकी हिंदी शिक्षिका का स्थानांतरण हुए दो मास हो गए हैं, और कोई नियमित विकल्प न मिलने से पढ़ाई नहीं हो पा रही। पत्र में इस समस्या की चर्चा करते हुए प्रधानाचार्य से तुरंत समाधान करने का आग्रह कीजिए।

**84.** एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए पुस्तक कोष में अपनी पुरानी पाठ्य पुस्तकों का उदारता पूर्वक योगदान देने का अनुरोध किया गया हो।

**85.** विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से  सूचना लिखिए।

**86.** आप अपने विद्यालय में एन.सी.सी के छात्र प्रतिनिधि हैं। गणतंत्र दिवस समारोह परेड में हिस्सा लेने की इच्छुक विद्यार्थियों हेतु **80** शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

**87.** कॉलोनी के सचिव की ओर से कॉलोनी में होने वाले 'दीवाली मेला' की सूचना लिखिए ।

**88.** आप अपने विद्यालय के हेड बॉय/हेड गर्ल हैं। विद्यालय में मोबाइल निषेध है। इस संबंध में एक सूचना लिखिए।

**89.** 'आगरा पुस्तक मेले' में भाग ले रहे क**0** ख**0** ग**0** प्रशासन की ओर से लगभग **60** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**90.** किन्हीं व्यक्तिगत कारणों से अपने नाम में कुछ बदलाव किए हैं;  उससे संबंधित लगभग **60** शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

**91.** 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान' विषय पर एक अनुच्छेद दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लिखिए।

संकेत बिंदु-

- सूक्ति का अर्थ
- अभ्यास की महत्ता
- लाभ

**92.** अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम

संकेत बिंदु-

- अंतरिक्ष में भारत के कदमों का इतिहास
- विदेशी सहायता से उपग्रह भेजना
- स्वदेशी यान से उपग्रह भेजना

- स्वदेशी यान से विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना
- निष्कर्ष

**93.** ट्वेंटी-ट्वेंटी खेल का रोमांच

- मैच कब और कहाँ
- टीमों का संघर्ष
- दर्शकों की प्रतिक्रिया

**94.** 'जैसा करोगे वैसा भरोगे' विषय पर एक लघु कथा लिखिए।

**95.** 'चतुर किसान' विषय पर एक लघु कथा लिखिए।

**96.** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर एक लघु कथा लिखिए।

संकेत बिंदु -
गाँव में लड़कियाँ------------------ सभी पढ़ने में होशियार-------------- गाँवों में पानी का अभाव लड़कियों का घर के कामों में मदद करना-------------बहुत दूर से पानी लाना------------------- पढ़ाई के लिए समय कम मिलना-------------------- लड़कियों का इस विषय पर विचार विमर्श करना--------------समस्या का हल खोजना---------- गाँव वालों की मदद लेना और सफल होना।

**97.** मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी दी जाने के कारण जिला प्रशासन में दो दिन शिक्षण संस्थानों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल प्रधानाचार्य की ओर से लगभग100 शब्दों में अभिभावकों तक यह जानकारी पहुँचाने के लिए विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु एक ईमेल तैयार कीजिए।

**98.** पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में लॉकर सुविधा प्राप्त करने हेतु बैंक के प्रबंधक को एक ई-मेल कीजिए।

**99.** आपके बैंक खाते में गलती से 5000 रुपए की धनराशि अधिक आ गई है इसकी जानकारी बैंक अधिकारी को ईमेल लिखकर दीजिए।

**100.** 'सुधा सौंदर्य तेल' (बालों के लिए) की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।